(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान राजस्थान में पाकिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्रों में कितने व्यक्ति अवैध तरीके से भारत में प्रवेश करते हुये अथवा तस्करी के मामलों में गिरफ्तार किये गये ;

(ख) भारतीय सीमा पर से पाकिस्तानी नागरिकों द्वारा कितने पशु हांक कर ले जाये गये हैं ; और

(ग) इस प्रकार के अपराधों को रोकने हेतु उठाये गये कदमों का ब्यौरा क्या है ?

आन्तरिक सुरक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री अरूण नेहरू): (क) राजस्थान पाकिस्तान सीमा पर भारत में प्रवेश करते हुये सीमा सुरक्षा बल द्वारा पकड़े गये व्यक्तियों की संख्या वर्ष 1983 के दौरान 864, वर्ष 1984 में 833 और वर्ष 1985 (28 नवम्बर तक) में 1347 है ।

(ख) हांक कर ले जाये गये पशुओं की संख्या वर्ष 1983 में 727 वर्ष 1984 में 486 और वर्ष 1985 में (28 नवम्बर, तक) में 22 है ।

(ग) सीमा सुरक्षा बल तथा अन्य सुरक्षा एजेंसियों द्वारा निरन्तर निगरानी रखी जाती है । सीमा सुरक्षा बल द्वारा स्थानीय पुलिस और अन्य निवारक एजेंसियों के साथ मिल कर घात और गश्त लगाई जाती है, तथा छापे मारे जाते हैं । घुसपैठियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए निगरानी बुर्ज बनाए गये हैं । राजस्थान सीमा पर सीमा सुरक्षा बल की अतिरिक्त कम्पनियां तैनात की गई हैं । राजस्थान में सीमा बाह्य चौकियों की सुरक्षा बल की होमगार्डों की सीमा शाखा द्वारा सहायता की जा रही है

1896. [*Transferred to the 16th December 1986.*]

संघ राज्य क्षेत्रों में अपराध

1897. **श्री प्यारे लाल खंडेलवाल**: क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1 सितम्बर, 1985 से 31 अक्तूबर, 1985 की अवधि के दौरान दिल्ली और संघ राज्य क्षेत्रों में डकैतियों, हत्याओं, बलात्कारों, अपहरणों और चोरी की कितनी-कितनी घटनायें हुई हैं ;

(ख) उक्त अपराधों के सम्बन्ध में कितने अपराधी पकड़े गये; और

(ग) गत वर्ष इसी अवधि के दौरान ऊपर उल्लिखित अपराधों की कितनी घटनायें हुई थी और कितने अपराधी पकड़े गए थे ?

राज्य विभाग में राज्य मंत्री (श्री पी० ए० संगमा) : (क) से (ग) दिल्ली, अण्डेमान तथा निकोबार द्वीप समूह, दादरा नथा नागर हवेली और लक्षद्वीप से सम्बन्धित सूचना का विवरण सभा पटल पर रखा जाता है । शेष संघ शासित क्षेत्रों के सम्बन्ध में सूचना एकत्र की जाएगी और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

विवरण

	1-9-85 से 31-10-85 तक		1-9-84 से 31-10-84 तक	
	सं०	पकड़े गये अपराधी	सं०	पकड़े गये अपराधी
I. दिल्ली :				
1. डकैती	1	--	6	21
2. हत्या	39	50	42	89
3. बलात्कार	17	18	25	45
4. अपहरण	31	21	56	26
5. चोरी	2255	419	2401	406
II अण्डमान तथा निकोबार द्वीप समूह:				
1. डकैती	--	--	--	--
2. हत्या	--	--	2	2
3. बलात्कार	--	--	--	--
4. अपहरण	2	3	1	--
5. चोरी	28	16	19	16
III दादरा व नागर हवेली :				
1. डकैती	--	12	--	--
2. हत्या	2	--	--	--
3. बलात्कार	--	--	--	--
4. अपहरण	--	--	--	--
5. चोरी	10	--	10	13
IV. लक्षद्वीप :				
1. डकैती	--	--	--	--
2. हत्या	--	--	--	--
3. बलात्कार	--	--	--	--
4. अपहरण	--	--	--	--
5. चोरी	1	--	2	3